प्रश्नोतर से संबंधित परिशिष्ट

परिशिष्ट 'उनहत्तर' [28/7/2016]

प्रश्न सं. [क्र. 3448]

परिशिष्ट–1

कार्यालय परियोजना महाप्रबंधक
मध्यप्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण,
परियोजना क्रियान्वयन इकाई–1 सिवनी, जिला सिवनी (म.प्र.)
दूरभाष – 07692.225293 Email-gmrrdaseoni@rediffmail.com

पत्र क्र. 1136/ तक /मप्रग्रासविप्रा/2016 सिवनी–1 दिनांक 11.07.2016

मुख्य महाप्रबंधक-VI
म.प्र.ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण
पंचम तल, पर्यावास भवन, अरेरा हिल्स,
जेल रोड भोपाल

विषयः– प्रधानमंत्री सड़क निर्माण।
संदर्भः– विधानसभा अतारांकित प्रश्न कं. 3448 द्वारा श्री दिनेश राय

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि विधानसभा अतारांकित प्रश्न कं. 3448 द्वारा श्री दिनेश राय से संबंधित जानकारी संकलित कर प्रेषित है।

संलग्नः– उपरोक्तानुसार।

महाप्रबंधक
म.प्र.ग्रा.स.वि.प्रा.
परियोजना क्रियान्वयन इकाई–1 सिवनी

पृ.क्र. 1137/ तक/मप्रग्रासविप्रा/2016 सिवनी दिनांक 11.07.2016

प्रतिलिपिः

1. मुख्य महाप्रबंधक, म.प्र.ग्रा.स.वि.प्रा., व्यौहार बाग, जबलपुर की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
2. कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग कं.–1 सिवनी की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

महाप्रबंधक
म.प्र.ग्रा.स.वि.प्रा.
परियोजना क्रियान्वयन इकाई–1 सिवनी

मध्यप्रदेश विधानसभा सचिवालय

प्रश्न

उत्तर भेजने का अंतिम दिनांक 21.07.2016

वर्ग	:–	4
सदन में उत्तर देने का दिनांक	:–	28.07.2016
विभाग का नाम	:–	लोक निर्माण विभाग

विषयः– भारत गैस एजेन्सी बायपास से ग्राम राघादेही तक मार्ग का निर्माण

अतारांकित प्रश्न कमांक 3448 **द्वारा श्री दिनेश राय**

क्या लोक निर्माण मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :–

प्रश्न (क) क्या विभाग के ज्ञान में है कि सिवनी जिले की सिवनी विधानसभा क्षेत्र अन्तग्रत ग्राम मानेगांव के पास स्थित भारत गैस एजेन्सी बायपास से ग्राम राधादेही तक का निर्माण कार्य अभी तक अधूरा पड़ा है? क्यों?

प्रश्न (ख) मार्ग का निर्माण समय पर पूरा नही होने पर ठेकेदार और अधिकारियों के विरूद्व क्या कार्यवाही की गई? निर्माण में देरी होने से इसकी लागत नही बढ़ जायेगी? उसका जिम्मेदार कौन है?

प्रश्न (ग) क्या इस मार्ग के नही बनाने से जनता काफी परेशान है? क्या इसका निर्माण काफी दिनों से बंद है, यदि हॉ, तो इसको शुरू कराने में कितना समय लगेगा? क्या ठेकेदार का ज्यादा पेमेट कर दिया गया है?

प्रश्न (घ) इस मार्ग का कितना काम बाकी रह गया है और कब तक पूर्ण हो सकेगा?

उत्तर :–

(क)उत्तर– हॉ, सिवनी जिले के सिवनी विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम मानेगांव के पास स्थित भारत गैस एजेंन्सी बायपास से ग्राम राधादेही (एन.एच.–7 बायपास से राधादेही मार्ग) पैकेज क्र. 36161 के अन्तर्गत मेसर्स श्रीनिवासा सिविल वर्क प्रा.लि. हैदराबाद को दिनांक 05.08.2013 को कार्यादेश दिया गया था एवं अनुबंधानुसार दिनांक 04.02.2015 को कार्य पूर्ण करना था। ठेकेदार द्वारा समय पर कार्य पूर्ण नही करने से कार्य अधूरा है तथा ठेकेदार द्वारा कार्य पूर्ण नही करने के कारण ठेका निरस्तीकरण की कार्यवाही की गई है।

(ख)उत्तर– ठेकेदार मेसर्स श्रीनिवासा सिविल वर्क प्रा.लि. हैदराबाद कार्य समय पर पूर्ण नही करने के कारण कार्यालय पत्र क्र. 1079 दिनांक 27.05.2016 के माध्यम से ठेका निरस्तीकरण की कार्यवाही की गई है। विभाग द्वारा कार्य पूर्ण करने हेतु पर्याप्त अवसर एवं सहयोग दिया गया है किन्तु ठेकेदार द्वारा समय–समय पर अपेक्षित प्रगति लाकर कार्य पूर्ण नही किया गया जिसके लिये ठेकेदार पूर्ण रूप से उत्तरदायी है। अनुबंधानुसार समय पर कार्य पूर्ण करना ठेकेदार का दायित्व है। ठेका निरस्तीकरण के पश्चात पैकेज से संबंधित ठेकेदार की जमा राशि शासन के हित में जमा कर दी गई है तथा अनुबंधानुसार पैकेज की लागत का 10 प्रतिशत राशि रू. 131.92 लाख एवं शेष कार्य की लागत का 20 प्रतिशत की राशि

रू. 247.62 लाख वसूली योग्य आती है उपरोक्त राशि की वसूली ठेकेदार से करने हेतु आर. आर.सी. जारी की गई है।

(ग)उत्तर— इस मार्ग की स्वीकृत लम्बाई 2.00 कि.मी. है। 0 से 1.70 कि.मी. तक सबग्रेड का कार्य एवं 1.70 से 2.0 कि.मी. तक बसाहट क्षेत्र में सीसी मार्ग का निर्माण किया जा चुका है एवं पुल–पुलियों का निर्माण भी हो चुका है। ठेका निरस्तीकरण दिनांक 27.05.2015 से कार्य बंद है। मूल ठेकेदार के ठेका निरस्तीकरण पश्चात शेष कार्य की निविदा आमंत्रित की जाकर दिनांक 23.06.2016 को नई एजेंसी के साथ अनुबंध किया गया है। उक्त मार्ग के 1.70 कि.मी. भाग पर जीएसबी, जी–2, जी–3 एवं बी.टी. कार्य शेष है। वर्षा ऋतु प्रारंभ होने के कारण उक्त शेष कार्य बरसात के उपरांत प्रारंभ किया जा सकेगा। मूल ठेकेदार को मार्ग में संपादित किये गये कार्य का ही भुगतान किया गया है।

(घ)उत्तर— यह मार्ग पैकेज क्रं. 36161 (शेष कार्य) के अन्तर्गत है। उक्त मार्ग के 1.70 कि.मी. भाग पर जीएसबी, जी–2, जी–3 एवं बी.टी. कार्य शेष है। शेष कार्य पूर्ण करने हेतु नई एजेंसी के साथ दिनांक 23.06.2016 को अनुबंध किया गया है, नई एजेंसी को अनुबंधानुसार दिनांक 22.11.2017 तक पूर्ण करना है। उक्त मार्ग का शेश कार्य अनुबंधित अवधि के पूर्व पूर्ण करा लिया जावेगा।

महाप्रबंधक
म.प्र.ग्रा.स.वि.प्रा.
परियोजना कियान्वयन इकाई–1,सिवनी